हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 मार्च 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 त्योहारों पर न हो मांस की बिक्री पुलिस रहे मुस्तैद ...



08 मंदिरों के आसपास मांस बिक्री पर रोक लगाने ...



### नपा की बजट बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित

# विदिशा नपा को नगरनिगम बनाने का प्रस्ताव मंजूर, 300 करोड़ का बजट पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को नगरपालिका परिषद की बजट बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 300 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बैठक में विधायक मुकेश टंडन उपस्थित रहे और बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने की।

बैठक में नपा को निगम का दर्जा देने का प्रस्ताव भी पास हुआ। नगर निगम में ग्राम पंचायतों को शामिल करने आसपास के 65 गांवों को शामिल किये जाने का प्रस्ताव है। विदिशा को नगर निगम बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी सैद्धांतिक सहमति देते हुए आश्वासन दिया है। हालांकी विदिशा को नगर निगम बनाने का सबसे अच्छा मौका शिवराज जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में था, जिसे शहर के भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने गवा दिया है।



विदिशा। बैठक के दौरान भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों से चर्चा करते हुए विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि।

### नपा के लिए नए भवन का प्रस्ताव हुआ मंजूर

बैठक में पुराने जिला अस्पताल भवन को नगरपालिका कार्यालय में बदलने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। वर्तमान में नगरपालिका इसी भवन के आधे हिस्से में संचालित है, लेकिन अब इसे पूरी तरह नपा कार्यालय में परिवर्तित किया जाएगा। कांग्रेसी पार्षद धर्मेन्द्र यादव ने बैठक में अवगत कराया कि निर्माण कार्यों के प्रस्ताव और इस्टीमेट ले लिए गए हैं लेकिन कोई कार्य नहीं हो रहे हैं। बैठक में पार्षद कपिल साहू ने याद दिलाया कि बगैर पीआईसी की बैठक के वार्षिक बैठक हो रही है। 1 जनवरी तक पीआईसी को बजट का प्रारूप अनुमोदित करना होता है उनके अनुमोदन के बाद ही परिषद की बैठक में बजट पेश किया जाता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ पीआईसी की बैठक में बजट प्रारूप को नहीं रखा गया।

### 7 महीने में बैठक होने पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

नेता प्रतिपक्ष की नाराजगी बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने 7 महीने बाद बैठक आयोजित होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे शहर का विकास प्रभावित हो रहा है। माहेश्वरी ने यह भी चेतावनी दी कि नगर निगम बनने के बाद जलकर, संपत्तिकर और रजिस्ट्री शुल्क में वृद्धि हो सकती है, जिससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। बैठक में विधायक मुकेश टंडन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दुर्गेश ठाकुर और अन्य पार्षद भी मौजूद रहे। कांग्रेस पार्षदों ने बजट के कुछ बिंदुओं पर आपत्ति जताई, लेकिन अंततः बजट को पारित कर दिया गया।

**नव संवतसर का शुभारंभ आज**

### आज नव संवतसर विक्रमसंवत गुड़ी पड़वा पर ऑडिटोरियम में होगा कार्यक्रम, प्रभारी मंत्री लखन पटेल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर सूर्य उपासना कार्यक्रम होगा। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल मुख्य रूप से शामिल होंगे। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय पर यह कार्यक्रम रविंद्र नाथ टैगोर ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से होगा। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि सरकार के जनप्रतिनिधि अपने अपने जिले में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में उपस्थित हों।



### नव वर्ष पर विशाल वाहन रैली आज

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जन चेतना मंच द्वारा रविवार को हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर शाम 4.30 बजे रामलीला चौराहे से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली में सहयोगी संगठन शंकरा सेवा संस्थान, सनातन हिंदू उत्सव समिति, महादेव युवा संगठन भी भाग लेंगे। वाहन रैली में पूर्व वित्त मंत्री राघव जी भाई, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, भाजपा नेता मनोज कटारे ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### कांच मंदिर से मेहगांव तक प्रभात फेरी आज

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में माधवगंज स्थित कांच मंदिर से मेहगांव तक रविवार को प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बालाजी धाम मेहगांव सेवा समिति द्वारा माधवगंज स्थित कांच मंदिर से सुबह 6 बजे एक प्रभातफेरी निकाली जाएगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए रवि साहू ने बताया कि प्रभात फेरी में भक्त श्रीरामधुन गाते हुए मुख्य बाजार से होते हुए बालाजी धाम मेहगांव पहुंचेगी।

## नशामुक्ति के लिए स्कूल-कॉलेज में विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री दिखाएंगे

### सोशल मीडिया पर होगी निगरानी, हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नशा मुक्ति के लिए स्कूल-कॉलजों के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताने डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी। छात्रों के लिए कार्यशालाएं होंगी, गंभीर मामलों में लोगों को नशा मुक्ति केंद्र भेजा जाएगा।

सोशल मीडिया पर नशे से जुड़ी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें पुलिस अधिकारियों के साथ डॉक्टर, शिक्षक, वकील और वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। एसपी काशवानी ने नशा नियंत्रण के तीन मुख्य स्तंभ बताए।

पहला- स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान। दूसरा- जन सहयोग। तीसरा- कानूनी कार्रवाई।

**नशे की चपेट में युवा**

मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र तेजी से नशे की चपेट में आ रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने कहा कि नशे को रोकने के लिए पुलिस और जनता को साथ मिलकर काम करना होगा। नशे के शिकार लोगों को मेडिकल उपचार भी दिलाया जाता है। परिवारों की काउंसलिंग भी की जाएगी, ताकि वे अपने परिजनों को नशे से बचाने में मदद कर सकें।

नशे से जुड़ी सूचनाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 7587637810 जारी किया गया है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### जोहद में होगा जय गंगा संवर्द्धन कार्यक्रम

**विदिशा।** जय गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत आज रविवार सुबह 11 बजे जोहद में विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र शासन के पूर्व मंत्री एवं शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा शामिल होंगे। इसके पहले विधायक मीणा दयानंदपुर से विदिशा पहुंचकर आडिटोरियम में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### 2 घंटे बंद रहेगी बिजली

**विदिशा।** रविवार को वैशाली नगर फीडर के मेंटनेंस के चलते सुबह 11 से 1 बजे वैशाली नगर, रुद्राक्ष ग्रीनसिटी, बरईपुरा चौराह, मां हॉस्पिटल, मुन्नाकबाड़ी गली कब्रिस्तान रोड, मंडी रोड, श्रीनाथ दालमिल क्षेत्र में सप्लाई बंद रहेगी।

## मंदिरों के पास मांस बिक्री पर रोक लगाने की मांग

### ज्ञापन में कहाः श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मंदिरों के आसपास मांस बिक्री को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद चौराहे से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट तक मार्च किया। जहां संयुक्त कलेक्टर संतोष बिटोलिया को ज्ञापन सौंपा।

विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारी मलखान सिंह ठाकुर के अनुसार चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिरों के आसपास वैध और अवैध मांस की दुकानें संचालित होती हैं। इस दौरान व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं।

30 मार्च से 12 अप्रैल तक नवरात्रि, रामनवमी, महावीर जयंती और हनुमान जयंती के त्योहार मनाए जाएंगे। मंदिरों के आसपास मांस और अंडे की बिक्री पर रोक लगाई जाए। साथ ही मंदिर परिसरों में स्वच्छता की मांग भी की गई। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा, तो हिंदू समाज स्वयं अपनी आस्था की रक्षा के लिए आगे आएगा।

## आईपीएल सट्टाः चेन्नई व बेंगलुरु के मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते दो आरोपी गिरफ्तार



विदिशा। पकड़े गए लोगों से अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो मोबाइल और कुल 60 हजार रुपए की मशरूका जब्त की गई है। आरोपी वेबसाइट के जरिए आईपीएल मैचों पर सट्टा लगवा रहे थे।

यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में हुई। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह और सिविल लाइन थाना प्रभारी विमलेश राय के मार्गदर्शन में विशेष टीम बनाई गई। थाना प्रभारी विमलेश राय को मोबाइल पर सूचना मिली कि वेबसाइट पर ऑनलाइन सट्टा चल रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित कार्रवाई की। एसबीआई एटीएम के पास खंडेलवाल की दुकान में दो व्यक्ति चेन्नई और बेंगलुरु के आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते पकड़े गए। दोनों अपनी-अपनी डायरी में हार-जीत का हिसाब लिख रहे थे। पुलिस ने आरोपी मनोज गुप्ता पिता रमनलाल गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी मां विहार कॉलोनी, विदिशा और इकबाल उर्फ ईशान खान पिता सुलेमान उम्र 33 वर्ष निवासी लोहांगी मोहल्ला को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में अन्य संलिप्त लोगों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि सट्टा खेलने वालों से डिजिटल माध्यम से पैसे लिए जा रहे थे। गिरोह विदिशा और आसपास के इलाकों में सक्रिय था। तकनीकी विश्लेषण के जरिए अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। विदिशा पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन सट्टेबाजी और साइबर अपराधों से सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस या साइबर सेल को दें।

## रामनवमी की भव्य शोभायात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी 6 अप्रैल को राम रामनवमी पर रघुवंशी समाज द्वारा निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर शुरु हो गईं हैं।

शनिवार को रघुवंशी युवा शक्ति संगठन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसार किया गया। प्रचार अभियान के दौरान ग्यारसपुर, मानोरा, नौलई, पथरई, पीपलखेड़ा, इमलावदा, दहलवाड़ा, अटारीखेजड़ा, बिलराई, खरी, सेमरा, मणिपुर, पालकी, पांझ सहित अनेक ग्रामों में संपर्क किया गया। ग्रामीणों को पीले चावल और पोस्टर कैलेंडर देकर रामनवमीं के चल समारोह में शामिल होने का आह्वान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी एवं रघुवंशी समाज द्वारा बताया कि यह शोभायात्रा विदिशा नगर में धार्मिक उल्लास और भाईचारे का संदेश देगी। इस दौरान जपं अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, प्रताप सिंह रघुवंशी मानोरा, प्रताप सिंह रघुवंशी, मोहरसिंह रघुवंशी सहित रघवंशी युवा शक्ति संगठन के संयोजक महेंद्र रघुवंशी, आकाश रघुवंशी बरखेड़ी, अरविंद रघुवंशी, पंकज रघुवंशी, आनंद , शुभम आदि मौजूद रहे।

## सिंधी समाज ने निकाली प्रभात फेरी, आज बंद रहेंगी सभी दुकानें



**विदिशा।** झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 7 बजे निकाली गई प्रभात फेरी बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष दीवान मंगतानी ने बताया कि विदिशा के साथ-साथ पूरे विश्व में इस वर्ष 30 मार्च रविवार को भगवान का अवतरण दिवस चेटीचण्ड्र के रुप में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी दिन गुड़ीपड़वा के साथ नव संवत्सर 2082 का प्रारंभ हो रहा है। आज सिंधी समाज के सभी व्यापारियों की दुकानें बंद रहेंगी।

### शनिचरी अमावस्या पर उमड़ी भीड़, नदी में स्नान कर शनिदेव को चढ़ाया तिल व तेल

**विदिशा।** चैत्र माह की शनिश्चरी अमावस्या पर बेतवा नदी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दिन शनिदेव कुंभ राशि से मीन राशि में प्रवेश कर रहे हैं। शनि मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने शनिदेव को तेल, काला तिल और कपड़े अर्पित किए। भीड़ इतनी अधिक थी कि लोगों को दर्शन के लिए एक घंटे से अधिक प्रतीक्षा करनी पड़ी। बेतवा नदी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। कई श्रद्धालु स्नान के बाद घाट पर अपने कपड़े और जूते-चप्पल छोड़कर गए।






## खबर संक्षेप

### राजीव शिल्पकार का सुयश



**गंज बासौदा।** डॉल्फिन स्कूल के कक्षा 8 वी के छात्र राजीव पुत्र योगेश राखी शिल्पकार ने फर्स्ट डिवीजन से कक्षा उत्तीर्ण की। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवारजन, विद्यालय के प्राचार्य सहित स्टॉफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर



**गंजबासौदा।** गत दिवस कंजना पठार स्थित औद्योगिक क्षेत्र के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक और उसका भांजा घायल हो गए। घटना के समय बाइक चालक अंकित अहिरवार उम्र 21 वर्ष अपनी बहन और भांजे हर्षित उम्र 7 वर्ष को लेकर जरतौली से आटासेमर गांव जा रहा था। इसी दौरान उदयपुर की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सड़क किनारे जा गिरी। अंकित को पैर में चोट आई। हर्षित के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। कार भी अनियंत्रित होकर सड़क से दूर खेत में उतर गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार गंज बासौदा से उदयपुर की ओर जा रही थी। कार की रफ्तार तेज थी।

# हथियारों से मारपीट करने वालों को 7-7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दो युवकों के साथ हथियारों से मारपीट करने वाले आरोपियों को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश हर प्रसाद वंशकार के न्यायालय ने शनिवार को सात-सात वर्ष का कारावास एवं साढ़े छह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि 8 फरवरी 2022 को फरियादी संकेत प्रजापति को सोनू रघुवंशी मोटर साइकिल से बैतोली उसके घर छोड़ने जा रहा था। उसी समय




पुलिया के पास घात लगाए बैठे आरोपित रंजीत यादव, नरेंद्र यादव, लाल सिंह उर्फ लाल अहिरवार ने मोटरसाइकिल से पीछे आए बाइक में टक्कर मारी और दोनों के गिरने के बाद धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया और मृत समझ कर छोड़कर मौके से फरार हो गए। घायलों को परिवार द्वारा उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय दंड विधान की धारा 307, 323 एवं 25 आर्म्स एक्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर। शहर पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया। द्वितीय पर सत्र न्यायाधीश हर प्रसाद बंशकार ने साक्ष्य गवाहों एवं अतिरिक्त लोक अभियोजक नरेंद्र व्यास के तर्कों के आधार पर आरोपित नरेंद्र सिंह यादव, लाल सिंह उर्फ लाल अहिरवार को सात-सात वर्ष का कारावास एवं साढ़े छः हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। मामले को न्यायालय में विचरण दौरान एक आरोपित रणजीत सिंह की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी थी।

# त्योहारों पर न हो मांस की बिक्री पुलिस रहे मुस्तैद, दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को एक सौंपा गया। जिसमें मांग की गई है कि 30 मार्च से 12 अप्रैल तक हिंदू समाज के पावन पर्व नवरात्रि, श्री रामनवमी, श्री महावीर जयंती, श्री हनुमान जयंती पर्व हैं। इन पर्वों के समय हिंदू जनमानस आस्था के साथ अपने धार्मिक स्थान मंदिरों पर पूजा पाठ के लिए अधिक संख्या में पहुंचते हैं। पूजन में स्वच्छता का विशेष महत्व है एवं महावीर जयंती अहिंसा का पर्व है इसलिए इन पर्वों के दौरान मांसाहार को प्रतिबंधित किया जाए। जिससे हिन्दू समाज अपने त्यौहार स्वच्छता, पवित्रता और आस्था के साथ मना सकें। इसके अतिरिक्त नवरात्रि पर्व में महिलाएं प्रातः काल 4 बजे से ही मंदिरों में जल चढ़ाने हेतु निकलतीं हैं एवं देर रात्रि तक श्रद्धालुगण मंदिरों में पहुंचते हैं इस दौरान मंदिरों में असमाजिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं इसलिए नवरात्रि के दौरान प्रातः एवं सायं के समय मंदिरों के पास पुलिस बल बढ़ाया जाये एवं असमाजिक तत्वों पर उचित कार्रवाई की जावे। अन्यथा बजरंग दल स्वयं माता, बहनों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग ने 4 लाख 31 हजार रुपए का जुर्माना वसूला

# यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 18 वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा वाहनों की सघन जांच पड़ताल की जा रही है। शनिवार को 18 वाहनों की जांच कर परिवहनों के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चार लाख 31 हजार रूपए का राजस्व वसूला गया। सघन जांच अभियान के दौरान विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 28 वाहनों पर कार्रवाई की। इनमें से 18 वाहन जब्त किए गए, 10 अन्य वाहनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इन वाहनों से 58 हजार 500 रुपए समन शुल्क और 3,73,450 रुपए टैक्स वसूला गया। जिला परिवहन अधिकारी




गिरजेश वर्मा के अनुसार, जांच टीम पहले बरेठ रोड ब्लॉक ऑफिस के सामने तैनात हुई। इसके बाद कलाबाग क्षेत्र में जांच की गई। ज्यादातर वाहन ओवरलोडिंग के मामले में पकड़े गए। कुछ वाहनों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाई गई। पर्याप्त कागजात नहीं होने के कारण वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। यहां उल्लेखनीय है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बगैर दस्तावेज एवं बगैर टेक्स जमा किए बड़ी संख्या में वाहन चल रहे हैं।



### नागरिकों ने की पटाखे फोड़ने वाले साइलेंसरों पर कार्रवाई की मांग

**गंजबासौदा।** जिला परिवहन अधिकारी से नागरिकों से मांग की है नगर में दर्जन भर से अधिक बुलेट मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे फोड़ते हुए युवक एवं नाबालिग मुख्य मार्गों से एवं गलियों से तेज गति से गुजरते हैं। जिससे बुजुर्ग, बच्चों , मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए मोडिफाइड साइलेंसर जब्त कर उन्हे नष्ट कराए जाने की मांग की गई है।

# शनिचरी अमावस्या पर हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को बर्रीघाट मार्ग स्थित शनिदेव शक्ति धाम प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजन किए गए प्रातः मंगल आरती, रामायण पाठ का समापन, हवन पूर्णाहुति हई। तत्पश्चात हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। ज्ञात हो कि शनिचरी अमावस्या का यह पावन अवसर अनेक वर्षों बाद प्राप्त हुआ है। 2025 की प्रथम शनिचरी अमावस्या है एवं शनिचरी अमावस्या के दूसरे दिन से नवरात्रि एवं नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। इस वर्ष के राजा व मंत्री श्री सूर्य देव है, शनि महाराज जगत के न्यायाधीश से न्याय करने वाले हैं और शनिचरी अमावस्या शनि महाराज की प्रिया अमावस्या है। इस पर दर्शन पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# विद्युत वितरण कंपनी की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर बनाए चोरी के प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विद्युत वितरण कंपनी नटेरन की विजिलेंस टीम विद्युत चोरी की जांच कर रही है। इसी के तहत शनिवार को विजिलेंस जेई पंकज गोहटे के नेतृत्व में टीम ने ग्राम बमूरिया, ग्राम फूफैर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। इस दौरान बगैर विद्युत कनेक्शन लिए चोरी से बिजली जला रहे ग्रामीणों की जांच कर प्रकरण बनाए गए।



इस दौरान ग्राम फूफैर में रघुवीर सिंह राजपूत द्वारा विद्युत वितरण कंपनी से कनेक्शन लिए बगैर डीपी से चोरी से विद्युत लाइन डालकर कई सालों से खेत में मोटर की सहायता से सिंचाई की जा रही थी। विजलेंस टीम द्वारा ग्रामों के भ्रमण के दौरान मौके पर पहुंचकर विद्युत केबल लाइन जब्त कर चोरी का प्रकरण बनाया गया है। जिस पर जुर्माने की कार्रवाई की जाऐगी। नटेरन जेई पंकज गोहटे का कहना है कि विद्युत कंपनी की विजिलेंस टीम विद्युत चोरी, विद्युत के अनियमित उपभोग सहित अन्य मामलों की नियमित जांच कर रही है और आगे भी यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। ग्राम फूफैर में लंबे समय से बिजली कंपनी द्वारा जांच न करने पर ग्रामीणों द्वारा कई सालों से घरों, बगीचों में कनेक्शन लिए बगैर चोरी से कई सालों से मोटर चलाकर बिजली की चोरी की जा रही है। जिससे विद्युत वितरण कंपनी को प्रतिमाह हजारों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। जागरुक नागिरकों ने विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से ग्राम में अवैध रुप से बिजली चोरी कर रहे लोगों के घरों, बगीचों में पहुंचकर जांच करने की मांग की है।

# एसजीएस कॉलेज में बी प्रमाण पत्र परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें बाह्य परीक्षक के रूप में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज सक्सेना तथा संस्था परिवेक्षक के रूप में घनश्याम चौकसे एवं सौरभ विश्वकर्मा द्वारा लिखित एवं




मौखिक परीक्षा कराई गई। जिसमें महाविद्यालय के पंजीकृत स्वयंसेवकों ने सहभागिता करते हुए परीक्षा दी।

### अहिरवार समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जिसके चलते अहिरवार समाज ने शनिवार को तहसीलदार संदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 13 दिसंबर 2024 को अंबेडकर चौक पर प्रतिमा स्थापना की अनुमति के लिए आवेदन किया था। समाज ने 14 अप्रैल 2025 को अंबेडकर जयंती पर प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। प्रतिमा निर्माण के लिए समाज ने दिए साढ़े तीन लाख रुपए समाज ने प्रतिमा निर्माण के लिए मंडीदीप की गोविंद ट्रेडिंग कंपनी को 3.55 लाख रुपए का भुगतान भी कर दिया है। प्रतिमा की डिलीवरी 12 अप्रैल 2025 को होनी है। लेकिन 28 मार्च को एसडीएम कार्यालय ने बताया कि वार्ड 10 के पार्षद ने प्रतिमा स्थापना पर आपत्ति जताई है। इस कारण प्रशासन ने अनुमति रोक दी है। समाज का कहना है कि अगर प्रतिमा स्थापना नहीं हुई तो जमा की गई राशि डूबने की जिम्मेदारी प्रशासन और आपत्ति लेने वालों की होगी। प्रतिमा स्थापना को लेकर डॉ. अंबेडकर के अनुयायियों और अहिरवार समाज में रोष व्याप्त है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**गंजबासौदा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं भरत सिंह राजपूत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत क्षमता संवर्धन के तहत विकासखंड की दोनों परियोजना बासौदा एक एवं बासौदा दो की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसी पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न बैच बनाकर वैज्ञानिक एवं रुचिपूर्ण तरीके से राज्य शासन द्वारा प्रशिक्षित किए गए मास्टर ट्रेनर के माध्यम से 27 से 29 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन शासकीय सीएम राइज स्कूल राजेंद्र नगर में किया गया। इस प्रशिक्षण का प्रभाव से आंगनबाड़ी के बच्चों के स्कूल प्रवेश के समय पर्याप्त समझ विकसित हो सकेगी एवं कुपोषण के नियंत्रण में उक्त प्रशिक्षण मिल का पत्थर साबित होगा। उक्त प्रशिक्षण में विकासखंड की 15 पर्यवेक्षक मास्टर ट्रेनर है एवं प्रशिक्षण परियोजना अधिकारी बासौदा एक एवं बासौदा दो की देखरेख में संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिदिन गहन निगरानी में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण आयोजित करने में प्राचार्य सीएम राइस स्कूल राजेंद्र नगर का सहयोग प्राप्त हुआ।

## 10 दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

# प्रतिदिन सूर्य नमस्कार और योग अवश्य करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रक्त सेवा समिति महिला शाखा के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर का शनिवार को समापन हो गया। समापन के अवसर पर समिति के द्वारा योग शिक्षक महेंद्र सिंह रघुवंशी एवं सुनीता भावसार का सम्मान किया गया। प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। 10 दिन में 79 महिला, पुरुष सम्मिलित हुए। प्रतिदिन त्रिफला के जल से आंखो को साफ भी करते थे और स्वल्पाहार का सहयोग करने वाले शिविरार्थी का भी सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में सुनीता लोहिया, प्रमिला, जयंती जैन, मिनाली ओसवाल, संजय जैन, अनीता राकेश जैन, पूजा जैन, अनिल दुबे, मुकेश तिवारी, मीनेश यादव सहित समिति के अनेक पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ने संकल्प दिलाया कि प्रतिदिन योगासन को दिनचर्या का अंग बनाएंगे। प्रतिदिन योग, आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार करेंगे। समिति के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि अभ्यास से ही निपुणता आती है, इसलिए जो सीखा है उसको अपने जीवन में उतारे और अभ्यास करें। महेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि जो योग का महत्व को समझ कर, जानकर करेंगे तो हम योग से जुड़ेंगे। सुनीता भावसार ने कहा की पतंजलि योग समिति का लक्ष्य है कि घर-घर में योग कक्षाएं चले। हर घर में योग करने के लिए लोग तैयार हो। इसके लिए हम भविष्य में विशेष शिविर भी लगाएंगे। भविष्य में आगे भी योग्य की नियमित कक्षा पर विचार करके प्रारंभ करेंगे। ममता जैन ने कहा कि मैं अपने घर पर प्रतिदिन योग क्लास लगाऊंगी। अनिल दुबे ने आभार व्यक्त कर सफल शिविर के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। गोपाल रघुवंशी ने कहा हम देशभक्त और समाज सेवा के लिए जागरूक बने । यह जानकारी मुकेश तिवारी द्वारा दी गई।

### धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान झूलेलाल जयंती

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 30 मार्च को भगवान झूलेलाल की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। जिसको लेकर सुबह 8 बजे वाहन रैली सिंधी कॉलोनी से निकलकर पलोड पेट्रोलपंप, राजेंद्र नगर, सिरोंज चौराहा, सावरकर चौक, जय स्तंभ से निकलकर रेलवे स्टेशन से होते हुए मील रोड से वापसी सिंधी कॉलोनी पहुंचेगी। सुबह 9:30 बजे त्योंदा रोड सिंधी कॉलोनी से जुलूस प्रारंभ होगा, जो जय स्तंभ नेहरू चौक होते हुए मील रोड से वापसी सिंधी कॉलोनी मंदिर पहुंचेगा। सुबह 11:30 से कथा कीर्तन बहराणा साहब की आरती एवं अरदास कर पल्लव पाया जाएगा तत्पश्चात दोपहर 1:30 बजे लंगर प्रशादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बहराणा साहब की ज्योत बेतवा नदी पर अख्खो पाकर विसर्जन की जाएगी।

# शिक्षकों ने घर घर पहुंचकर दिए पीले चावल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के छात्र, छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामवासियों को संदेश दिया कि शिक्षा है तो हम है बगैर शिक्षा के हमारा कोई महत्व नही है। इस तरह के विभिन्न नारे लगाते हुए छात्र रैली मे चल रहे थे, साथ मे शिक्षक घर घर पीले चावल देकर ग्रामवासियों को 1 अप्रेल को प्रवेश उत्सव हेतू आमंत्रित कर रहे थे। 6 वर्ष के छात्रों को कक्षा 1 प्रवेश दिलाने और अप्रवेशी छात्र यदि कोई ग्राम में हो तो ग्रामवासियों को उसका प्रवेश दिलाने की बात कह रहे थे। शाला प्रभारी ग्रामवासियों को पीले चावल देकर शाला की अच्छाई भी बता रहे थे कि हमारी शाला मे मां सरस्वती के साथ, कम्प्यूटर प्रोजेक्टर, एलसीडी से शिक्षा, आरो वाटरकूलर का स्वच्छ ठंडा जल, आकर्षक पुस्तकालय, भोजन हेतू डायनिंग, सुरक्षा हेतू कैमरे, अच्छी शिक्षा, संस्कार, योग्य शिक्षकों के साथ शासन द्वारा प्रदाय मीनू अनुसार भोजन, निशुल्क पुस्तक, ड्रेस, छात्रवृति सहित कई सुविधाएं हैं। हम प्राइवेट शालाओं से पीछे नहीं है। इस अवसर पर शिक्षक गोपालदास अहिरवार, रानी रघुवंशी, आरती अहिरवार, कंचन अहिरवार, रसोईया गंगा सैन, ओमवती लोधी उपस्थित थीं।

### शाम के समय लगा जाम

**गंजबासौदा।** पचमा बायपास मार्ग एवं बरेठ रोड पर शनिवार को शाम के समय भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जिससे सड़क के दोनों ओर दो पहिया, चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गई। यहां उल्लेखनीय है कि नगर के सबसे व्यवस्तम मार्ग पचमा बायपास मार्ग एवं बरेठ रोड पर यातायात का सर्वाधिक दबाव रहता है। जिसके चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है।

## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत हुई

**विदिशा।** नटेरन तहसील के पमारिया चौराहे के पास दो बाइक आपस में भिड़ गईं। हादसे में बुधोर निवासी गुलाब आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं समाने से आ रही बाइक के चालक बृज यादव निवासी काशीपुर को रेफर किया गया है। बृज के साथ एक छोटा बच्चा भी बाइक पर सवार था। भिड़ंत के दौरान बच्चा दूर जाकर फिका गया। घायल बृज यादव का उपचार चल रहा है।

### गर्ल्स कॉलेज में 28 लाख की कैंटीन और डोम का हुआ भूमिपूजन

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज का नाम बदलकर राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर दिया गया है। इसी के साथ कॉलेज में 28 लाख रुपए की लागत से नई कैंटीन और एक विशाल डोम के निर्माण का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन थे, जबकि अध्यक्षता जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुमन सोनी ने की। विशेष अतिथि अशोक गोयल और प्राचार्य नीता पांडे भी मौजूद रहे। विधायक टंडन ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार छात्राओं की शिक्षा और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। समिति की अध्यक्ष सुमन सोनी ने बताया कि कॉलेज में सुविधा के लिए कैंटीन बनाई जा रही है। वहीं, 120×80 फीट का विशाल डोम बरसात और गर्मी से बचाव के लिए तैयार किया जाएगा।

### परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण हुआ

**विदिशा।** सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में वर्षभर की गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम की भूमिका संस्था प्राचार्य दिनेश शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामकृष्ण दास शिक्षण समिति की अध्यक्ष डॉ. राजश्री वैध ने सभी विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत एवं लगन से अर्जित किए गए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं गतिविधियों के लिए बधाई दी।

### पोषण भी पढ़ाई भी द्वितीय बैच का समापन

**सागर।** महिला बाल विकास विभाग परियोजना सागर ग्रामीण 02. द्वारा आंगनवाड़ी की कार्यकर्ताओं के क्षमता निर्माण के उद्देश्य से तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण संपन्न हुआ । जिसका आज समापन किया गया। स्नेहभवन अंकुर कॉलोनी में हो रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक मानशिक, संज्ञानत्मक, संवेदात्मक एवं सामजिक विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीनतम शिक्षा निति 2020 के अंतर्गत विकसित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देना था। प्रशिक्षण के तीसरे दिन शनिवार को कार्यकर्ताओं में व्यवहारिक प्रशिक्षण केश स्टर्डीज एवं नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों, दिव्यांग बच्चों की पहचान, जांच, समावेश एवं रणनीतियाँ, शिक्षा केन्द्र (आंगनवाड़ी पाठशाला) के रूप में आंगनवाड़ी केन्द्र की धारणा को बदलने पर प्रशिक्षित किया गया, जिससे आंगनवाड़ी केन्द्रों को और प्रभावी बनाया जा सके।

### कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को किया तैनात

**सागर।** कलेक्टर ने चैत नवरात्र प्रारंभ 30 मार्च से 7 अप्रैल तक एवं 31 मार्च को ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी निर्धारित की है। कलेक्टर के आदेशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं जिनमें 30 मार्च से 7 अप्रैल तक के लिए कटरा चौकी एवं कोतवाली थाना क्षेत्र सहित 31 मार्च के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट प्रवीण पाटीदार, नवरात्रि के संपूर्ण दिनों के लिए सिविल लाईन थाना क्षेत्र सहित 31 मार्च को धन्सु मुन्सी मस्जिद क्षेत्र के लिए तहसीलदार सुनील कुमार शर्मा, नवरात्रि में केन्ट थाना क्षेत्र सहित 31 मार्च को भैसा नाका ईदगाह क्षेत्र के लिए भू-अभिलेख अधीक्षक देवी प्रसाद चक्रवर्ती, नवरात्रि के लिए मोतीनगर थाना क्षेत्र में रहेगी।

---

### कलेक्टर रोशन सिंह के निर्देश पर सिरोंज के इतिहास में पहली बार शिक्षा में एसडीएम चौधरी को नेतृत्व

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 1 अप्रैल को स्कूलों में होली, दिवाली, ईद और सवंत्सर के बिखरेंगे रंग

राजीव जैन सैनानी ▶▶ सिरोंज

सिरोंज के इतिहास में पहली बार विदिशा जिला कलेक्टर रौशन सिंह के निर्देशो पर एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा कलेक्टर के आदेशो को शिक्षा के क्षेत्र में एक अप्रैल को नन्हे मुन्हे बच्चो के बीच दीवाली,होली,सवंदसर,ईद एक साथ ऐसी होगी कि इस दिन को इतिहास में लिखा जाएगा। ऐसे कभी नहीं हुआ कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए जिस तरह कलेक्टर और एसडीएम के नेतृत्व सामाजिक संगठन व आम नागरिक बढ़-चढकर हिस्सा लेंगें। साथ ही बच्चों को पहली कक्षा में प्रवेश दिलाकर इन यादगार पलों को वह छात्र हमेशा याद करेंगे।

जहां कलेक्टर ने प्रशासन एंव सामाजिक संगठनों से अपील करकर एक अप्रैल को छात्रों को प्रवेश दिलाने के लिए जो आव्हान किया। उसी को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने प्रत्येक ग्राम पंचायतो पर आम नागरिको जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनो से अपील कर जागरूकता लाकर एक अप्रैल का जो दिन होगा वह वास्तव में देखने लायक होगा। स्कूलों में बच्चों को कुट का वितरण के साथ बाल पेंटिग,मिठाई वितरण सहित विभिन्न गतिविधिया कराई जाएगी। इसको लेकर सिरोंज एसडीएम ने विभिन्न सामाजिक संगठनों से अपील की थी कि आने वाले एक अप्रैल को जो बच्चो को किट दी जाएगी। वह जनभागीदारी के सहयोग से दी जाए। जिसमें शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, शासकीय अधिकारी, कर्मचारियो ने दिल भरकर बच्चों को दी जाने वाली में सहयोग दिया। तो वही अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी,पटवारी संघ द्वारा बच्चों को दी जाने वाले किट में 50 -50 किट का सहयोग किया गया। साथ ही वेयर हाउस संगठन,पीएचई विभाग,महिला बाल विकास विभाग,सीईओ जनपद पंचायत,एलबीएस कॉलेज प्राचार्य डॉ लाल चन्द्र राजपूत,पुलिस थाना प्रभारी संदीप पवार का विशेष रूप से सहयोग प्रदान किया जा रहा है। साथ ही शहर के अनेको सामाजिक संगठनों ने सहयोग की बात कही है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने शहर के सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि, आम नागरिको से अपील की है कि बच्चों को एक अप्रैल को दी जाने वाली किट में सहयोग प्रदान करने की कृपा करें।








### केले के पत्तों से सजाए जाएंगी शालाएं

शाला में पहला कदम अभियान के अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 को पहली कक्षा में शाला प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शाला में पहला कदमह्ल अभियान के तहत नवीन शैक्षणिक सत्र में कक्षा 1 के बच्चों का प्रवेश उत्सव अभियान के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत शाला परिसर में साज-सज्जा के साथ शाला प्रवेश हेतु स्थानीय स्तर पर ढोल बाजे से बच्चों व पालको का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। साथ ही अन्य व्यवस्थाए सुनिश्चित करते हुए प्राथमिक शाला के प्रवेश द्वार पर केले के पत्तों की साज-सज्जा एवं तोरण द्वार भी तैयार किए जाएगे। अभियान के तहत समस्त प्रकार की तैयारों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर अनुभाग अंतर्गत आने वाले प्रत्येक प्राथमिक शाला के प्रवेश द्वार पर केले के पत्तों से साज-सज्जा एवं तोरण द्वार तैयार करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### बच्चों को दी जाएगी कॉपी-किताब, पेनऔर पेंसिल की किट

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त पहल कर शाला में पहला कदम अभियान के शत प्रतिशत उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए चैतरफा प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। गौरतलब हो कि इस वर्ष एक अप्रैल से स्कूल में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाना ततंसंबंध में शासन स्तर पर जारी निर्देशों का विदिशा जिले में क्रियान्वित कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर आवश्यक जवाबदेही सौंपी गई है। जिसमें जनप्रतिनिधियों और जनसामान्य से सहयोग अपेक्षित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एसडीएम स्तर पर बैठकें कर मंशा को मुर्त रुप दिया जा रहा है। शाला में पहला कदम अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए हर स्तर पर कार्य किए जा रहे। इसी कड़ी के तहत दिवार लेखन के माध्यम से संदेशों को अंकित कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि क्षेत्र का एक भी बच्चा स्कूल में दाखिला से वंचित ना रहे सभी बच्चे समय पर स्कूल आए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से कियान्वयन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कक्षा पहली में 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का दाखिला हो इसके लिए आंगनबाडियों में उक्त आयु को पूरा करने वाले दर्ज बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस कार्य में आंगनवाड़ी केन्द्रों के अमले का भी सहयोग लिया जा रहा है। इसमें किट वितरण की जाएगी।

### प्रथम दिन बाल सभा का किया जाएगा आयोजन

स्कूल चले हम अभियान के तहत 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर धूमधाम से प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। प्रथम दिन शाला में उपस्थित छात्रों को अतिथियो द्वारा निःशुल्क पाठयपुस्तके वितरित की जाएगी। साथ ही बच्चों व अभिभावको का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। कक्षा 1 से 8 वी तक की सभी शालाओं में एक अप्रैल को बाल सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शालाओं में विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा।

### 2 अप्रैल को होगा भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन

*क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो समाज के विभिन्न क्षेत्रो के प्रसिद्ध प्रबुद्ध एंव सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियो से भेंट के लिए आमंत्रित किया जाएगा और स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलबध्यि हासिल करने वाले खिलाडियों,सहित्यकार, कलाकार, मीडिया,संचार व पुलिस अधिकारी,वरिष्ठ शासकीय अधिकारियो के मध्य कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में आमंत्रित व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से विद्यार्थियो को शाला उपयोगी वस्तुएं भेट कर सकेगें। तो वही जिला कलेक्टर रौशन सिंह द्वारा जिले के प्रथम एंव द्वितीय श्रेणी अधिकारियो को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद करने के लिए शाला का आवंटन किया गया।*

### 3 अप्रैल को सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का कराया जाएगा आयोजन

*3 अप्रैल के समस्त शालाओं में पालको के साथ सांस्कृतिक एंव खेलकूद की गतिविधि आयोजित की जाएगी। जिससे उनका जुड़ाव विद्यालय से होगा। साथ ही विद्यार्थियो को दी जाने वाली सुविधाओं एंव शासकीय योजनाओं के बारे में विद्यालय स्टॉफ द्वारा पालको को अवगत कराया जाएगा। तो वही विगत वर्ष में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियो के पालको को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा।*

### 4 अप्रैल को हार के आगे जीत कार्यक्रम होगा आयोजित

*क्षेत्र के विभिन्न शासकीय शालाओं में हार के आगे जीत है ध्येय के माध्यम से वर्ष 2025 की परीक्षा में कक्षोन्नती प्राप्त न करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में पुनः प्रवेश के लिए अभिभावको को आंमत्रित किया जाएगा। इस क्रम में शाला प्रबंधन समिति एंव शाला प्रबधंन,विकास समिति की बैठक का आयोजित की जाएगी। साथ ही बैठक में नवीन सत्र में अनामांकित बच्चों का विद्यालय में शतप्रतिशत नामांकन एंव बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए समिति के सदस्यों के साथ चर्चा कर कार्य योजना बनाई जाएगी।*

---

## वेतन वृद्धि होने पर सफाई कर्मियों ने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि का किया सम्मान



**विदिशा।** नपा के सफाई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि होने पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन एवं विदिशा वाल्मीक समाज ने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा के निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। विदिशा नपा के लगभग 147 संविदा सफाई कर्मचारियों को 10 हजार 500 रुपए से वेतन मिलेगा। इस दौरान राजेश कटारे, राजेंद्र गौहर, कमल खरे, संजय पथरोल, विजय कटारे, अशोक पथरोल, जितेंद्र पथरोल, बसंत कटारे सचिन कटारे कार्तिक बोहत आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय सम्राट उत्सव-2025 का समापन

**विदिशा।** सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान (डिग्री) में तीन दिवसीय सम्राट उत्सव-2025 का समापन शनिवार हर्षोल्लास के बीच युवा इंजीनियर्स को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ कैलाश सत्यार्थी हॉल में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। अतिथियों के अभिनंदन के बाद आयोजन सचिव डॉ. मनोरमा सैनी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और तीन दिवसयी आयोजन का विस्तृत वर्णन सुनाया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के कोषाध्यक्ष इंजीनियर रमेश अग्रवाल ने सम्राट उत्सव के आयोजकों एवं सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एसएटीआई प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का माना हुआ इंजीनियरिंग संस्थान है। पांच दशक पहले मैने भी इंजीनियरिंग के लिए एसएटीआई में ही एडमीशन लिया था, लेकिन किसी कारण से एमआईटीएस ग्वालियर में स्थानांतरण कराना पड़ा। श्री अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा और नौकरी के अवसर देने में एसएटीआई शुरू से ही अव्वल रहा है। अब हमारी संस्था की आर्थिक स्थिति भी पहले से बेहतर है और भविष्य में सबकुछ अच्छा होने की उम्मीद है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि स्टुडेंट लाइफ में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगिताओं, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए, ताकि उनका बहुमुखी विकास हो सके। कई वर्षों बाद सम्राट उत्सव का हिस्सा बनकर मैं भी हर्ष और गौरव अनुभव कर रहा हूं।

महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर ने संबोधित करते हुए कहा कि अब एसएटीआई में नए ऑडिटोरियम की आवश्यकता है। उन्होंने निदेशक से निवेदन किया कि वे जल्दी ही नए ऑडिटोरियम का प्लान और प्रस्ताव बनाएं। चेयरमेन ज्यातिरादित्य सिंधिया की हमेशा इच्छा रहती है कि एसएटीआई विदिशा, एमआईटीएस ग्वालियर, सिंधिया स्कूल आदि के विद्यार्थी जीवन में खूब तरक्की करें और देश के विकास में सहायक हों।

## पोषण और पढ़ाई का तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूरा हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

महिला बाल विकास परियोजना ग्यारसपुर अंतर्गत पोषण , पढ़ाई अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ संपन्न। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को खंड स्तर पर आदर्श मैरिज गार्डन अटारी खेड़ा में आयोजित किया गया।

सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी सेवा योजना के तहत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम जो केंद्र सरकार का एक महत्वकांची प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने की क्षमता विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है । प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों की देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली पर ध्यान केंद्रित किया जा सके और आंगनबाड़ी केंद्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाएं खेल के उपकरण और विधिवत प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक शिक्षण केंद्र परिवर्तित किया जा सके। इसमें 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुद्रीकरण हेतु पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों के रचनात्मक संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित किए जाने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## चुनरी यात्रा को लेकर बैठक हुई

**विदिशा।** किरी मोहल्ला स्थित रघुनाथ जी के मंदिर में चुनरी यात्रा को लेकर दोपहर 3:30 बजे से बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मंदिर पुजारी बाल कृष्ण शर्मा, पंडित नारायण प्रसाद शर्मा, संस्थापक चेतन जिझौतिया, अध्यक्ष राखी यादव मौजूद रहे। श्री जिझौतिया ने बताया है कि माता जी की चुनरी यात्रा रघुनाथ मंदिर से सुबह 9:30 बजे निकाली जाएगी जो की किरी मोहल्ला जयप्रकाश मंच, माधवगंज चौराह, मेन रोड निकासा तिलक चौक बड़ा बाजार, गर्ल्स स्कूल से होते हुए माता मंदिर देवी के बाग पहुंचेगी। जिसमें महिलाओं एवं भक्तिों से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है। बैठक में यात्रा उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, नीरज श्रीवास्तव, सिद्धार्थ भंडारी, अंकित जोशी, दीपक कर्ण , आदित्य विश्वकर्मा, शंकर साहू, राजाराम किरार, पप्पू जिझौतिया, कार्तिक विश्वकर्मा, पवन दांगी सहित बड़ी संख्या में मंदिर के भक्त मौजूद रहे।

## विदिशा पुलिस ने किया हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास



**विदिशा।** पुलिस लाइन सामुदायिक भवन में हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसपी रोहित काशवानी एवं एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह और रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने ध्यान के लाभों पर विशेष रूप से चर्चा की।

### स्वच्छ पेयजल का संकट इस धरती पर मानव के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट

## मनुष्य के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए जल संरक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ग्रीन पार्क कॉलोनी गुलाबगंज में इंदौर से पधारी ब्रह्माकुमारी छाया दीदी, चंद्रकला दीदी एवं उनके ग्रुप द्वारा गुलाबगंज स्थित सेवा केंद्र में राष्ट्रीय जल-जन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने सभी को स्वागत भाषण से संबोधित किया। इंदौर से पधारी ब्रह्माकुमारी चंद्रकला दीदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धरती के समस्त प्राणियों, वनस्पतियों एवं जीव-



जन्तुओं में जीवन-शक्ति का संचार करने वाली जल की बूंदे बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण जहर का कहर बनकर मानवता के अस्तित्व पर संकट का बादल बनकर छा रही है। आधुनिकता, विकास और अंतरिक्ष में बस्तियों को बसाने का सपना देखने वाला मनुष्य एक बहुत बड़ी भूल कर रहा है। यदि उसने जल के संरक्षण पर तुरन्त ध्यान नहीं दिया, तो इस धरती से ही उसकी बस्तियां उजड़ जाएंगी और वह केवल इतिहास के पन्नों में सिमटकर रह जायेगा। अतः स्वच्छ पेयजल का संकट इस धरती पर मानव के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट है। इसके समाधान के लिए व्यक्तियों, संस्थाओं और सरकारों को तुरन्त ध्यान देने की आवश्यकता है। नदियों और परम्परागत जल स्त्रोतों के क्षेत्रफल का निरन्तर घटता हुआ आकार मनुष्य के भविष्य पर आपदाओं के क्रूर प्रहार के रूप में दिखाई दे रहा है।

## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ग्यारसपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के द्वारा ग्यारसपुर तहसील में किसानों के हित को लेकर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सोपा है।

किसान संघ के तहसील अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया है कि सहकारी कोऑपरेटिव बैंक द्वारा किसानों से ऋण वसूली की तारीख 30 अप्रैल किया जाए। वर्तमान में समर्थन मूल्य पर मशहूर खरीदी प्रति हेक्टेयर 11 क्विंटल से बढ़कर 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर किया जाए। समस्त खरीदी केदो पर बड़े कांटे से तुलाई कराई जाए। समर्थन मूल्य पर खरीदी पर कोई भी ऋण राशि बिना किसानो की सहमति के बिना ना वसूली जाए। ग्यारसपुर तहसील में सिंचाई परियोजना लागू की जाए जिससे कि किसानों को 12 महीने अपनी खेती के लिए पानी मुहैया हो सके। ग्यारसपुर मुख्यालय पर गौशाला का निर्माण किया जाए जिससे की एक्सीडेंट में गौ माता बैमौत ना मारी जाए।

मुख्यालय पर सिविल कोर्ट की स्थापना की जाए। हैदरगढ़ में 3 किलोमीटर का बाईपास सड़क मार्ग निकल जाए। ग्यारसपुर तहसील में वेयरहाउस पर किसानों की फसल तुलाई बड़े कांटे से की जाए। दर्जनों की संख्या में ग्यारसपुर तहसील के किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

## वल्चर रेस्टोरेंट के लिए प्रशासनिक स्तर पर चल रही तैयारियां

# 'अनुकूल वातावरण' के लिए सरार बीट में छोड़ा सतना से रेस्क्यू कर लाए गिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को एक यूरेशियन वल्चर (गिद्ध की प्रजाति) को रायसने के सरार बीट में छोड़ा गया है। इस वल्चर को सतना वन मंडल से रेस्क्यू किया गया था, मुकुंदपुर रेस्क्यू सेंटर और वन विहार में उपचार उपरांत सुरक्षित इसे सरार बीट में छोड़ा गया। इस क्षेत्र में गिद्ध के लिए अनुकूल परिस्थिति, वातावरण और गिद्धों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए इस स्थान में वल्चर को रिलीज किया गया है।

जिले में गिद्धों की संख्या इस वर्ष हुई गणना के आधार पर प्रदेश में पन्ना जिले के बाद दूसरे स्थान पर आ गई है। अब रायसेन जिले में गिद्धों की संख्या 1500 हो गई, जबकि पिछले वर्ष गिद्धों की संख्या 782 थी। इस वर्ष हुई गणना में राज गिद्ध के साथ साथ विभिन्न प्रजाति के गिद्ध पाए गए है।





### गिद्धों की बढ़ी संख्या जिले के लिए उपलब्धि

*गणना में मप्र में गिद्ध रायसेन जिले में पन्ना जिले के बाद दूसरे नंबर पर पाए गए है, जोकि हमारे रायसेन के लिए बड़ी उपलब्धता है। विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष गिद्धों की संख्या में बहुता में वृद्धि हुई है। पिछले महीने 3 दिन चली गणना में विभिन्न प्रजाति के 1500 गिद्ध पाए गए, जबकि 2024 में इनकी संख्या 782 थी। विभिन्न प्रजाति के गिद्ध जैसे कि सफेद पीठ, रम्प्ड गिद्ध, लॉग रिब्ड या देशी गिद्ध, इजिप्शियन या सफेद गिद्ध, हिमालयन गिद्ध, यूरेशियन ग्रिफन प्रजाति के गिद्धों के साथ जिले में पहली बार रेड हेडेड यानि राजगिद्ध भी पाए गए।*

### सरार बीट है अनुकूल वातावरण

डीएफओ विजय कुमार ने बताया कि वन मंडल रायसेन के अंतर्गत सरार बीट गिद्धों के लिए अनुकूल स्थान है, यहां का वातावरण गिद्धों के लिए उपयुक्त है। गिद्धों के लिए रहवास, भोजन की पर्याप्त उपलब्धता और मानवीय जैविक दबाव को नियंत्रण कर उपयुक्त क्षेत्र घोषित किया है। यहां विभिन्न प्रजाति के गिद्ध बहुता में पाए गए है। यूरेशियन गिद्ध भी पहले से मौजूद है, इसीलिए यहां पर इस गिद्ध को छोड़ा गया है।

### वल्चर रेस्टोरेंट बनाने की चल रही है तैयारी

*वन मंडल रायसेन के अंतर्गत आने वाले सरार बीट में बढ़ती हुई गिद्धों की संख्या को देखते इसी स्थल पर वल्चर रेस्टोरेंट का निर्माण करने की भी तैयारी शासन स्तर पर चल रही है। आगामी दिनों में भोपाल स्थित वल्चर ब्रीडिंग सेंटर के 6 वल्चर को भी इस स्थल पर छोड़ा जाना प्रस्तावित है। यहां का वातावरण गिद्धों के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त है। गणना में सबसे ज्यादा गिद्ध भी यहीं पाए गए है। इस स्थान पर वन मंडल द्वारा मावेशियों को इलाज के लिए दी जाने वाली दवाईयां जिन्हें शासन ने प्रतिबंधित किया है और जो गिद्धों के लिए जानलेवा है आदि के बारे में जानकारी गौशाला कर्मचारी और किसानों को दे दी गई है, ताकि गिद्धों को किसी प्रकार से हानि न पहुंचे।*

# मंदिरों के आसपास मांस बिक्री पर रोक लगाने विहिप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




शनिवार की शाम को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम मुकेश सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर मंदिरों के पास अंडा-मांस की दुकानों को हटाने की मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 30 मार्च से 12 अप्रैल तक नवरात्रि, श्री रामनवमी, श्री महावीर जयंती और श्री हनुमान जयंती जैसे बड़े धार्मिक पर्व मनाए जाएंगे, जिससे मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी।

जिला मंत्री बद्री पाराशर ने कहा कि सरकारी आदेशों के बावजूद मंदिरों के आसपास मांस और अंडे की दुकानें खुली हुई हैं, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। संगठन ने प्रशासन से इन दुकानों को तुरंत हटाने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज स्वयं इस विषय में कदम उठाने को मजबूर होगा।

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री दौलत लॉन्गवानी, जिला मंत्री बद्री पाराशर, जिला संगठन मंत्री रघुवीर दांगी, प्रखंड मंत्री राम नारायण राय समेत रवि प्रजापति, राहुल परमार, गोपाल साहू और शुभम कुशवाहा उपस्थित थे।

# खेल-खेल में बच्चे को पढ़ाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान के तहत महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय सिलवानी द्वारा आगंनवाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। 3 दिनी शिविर का शनिवार को समापन किया। यहां पर एमटी द्वारा आगंनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अभियान के तहत प्रशिक्षित किया।

आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को रोचक तरीके से प्रीस्कूल शिक्षा प्रदान करने कार्यकर्ताओं को विकासखंड स्तरीय 3 दिनी प्रशिक्षण जनपद पंचायत सिलवानी के सभागार में आयोजित किया गया। यहां बताया कि किस प्रकार बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा देने विभिन्न सरल माध्यमों से खेल-खेल में पढ़ाया जाए। प्रशिक्षण में बताया गया कि 85 प्रतिशत मस्तिष्क विकास 06 वर्ष की आयु के पहले ही हो जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गैर औपचारिक प्रीस्कूल शिक्षा प्रदान की जाती है।

प्रशिक्षण में प्रभारी परियोजना अधिकारी आविदा वी द्वारा बताया कि राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा फांडेशनल स्टेल 2022 तथा आधारशिला प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा 2024 की अनुशंसाओं को ध्यान में रखकर मप्र सरकार ने प्रदेश में शाला पूर्व शिक्षा के लिए एक पाठ्यक्रम तैयार किया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में हुई वार्षिक समीक्षा बैठक



**दीवानगंज।** सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज में शनिवार को वार्षिक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सेक्टर अधिकारी डॉ पलक पटेरिया की उपस्थिति में सभी कर्मचारी उपस्थित हुए।

स्वास्थ्य के सभी कार्यक्रमों की वार्षिक समीक्षा की गई। जिसमें सब सेंटर कार्यक्रमों की जानकारी और समझाइए दी गई। जिसमें सेक्टर अधिकारी ने सभी स्वस्थ कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि सभी स्वस्थ कर्मी प्रत्येक ग्राम स्तर पर टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करें, पोर्टल फीडिंग, टीकाकरण नियमितरूप से चलाएं, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन के विषय में भी जानकारी दी। पीएचसी में विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। सभी सीएचओ और एएनएम से कहा है कि सब सेंटर पर सुबह 10 बजे से 5 बजे तक खुलना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### गुलगांव स्कूल के प्राचार्य खालिद हुए सेवानिवृत्त



**सांची।** क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल गुलगांव के प्राचार्य डा. खालिद मजिद खान ने लगभग 39 साल का कार्यकाल शासकीय सेवा में दिया। उनकी विदाई समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षकगण में इंदु ध्रुव पाल, जितेंद्र रघुवंशी, प्रीती राय, विमला शर्मा, मनीषा जायसवाल, गायत्री पटेल, ज्योति श्रीवास्तव, विनिता अहिरवार, प्रतिछा दुबे, सरिफ खान मंसूरी, महेन्द्र सोलंकी, साथ ही गांव के प्रमुख व्यक्ति भी शामिल हुए।

### आज और कल होंगे मप्र राज्य कर्म.संघ के चुनाव

**बरेली।** मप्र राज्यमंत्री कर्मचारी संघ ब्लॉक शाखा बाड़ी एवं तहसील शाखा बरेली के निर्वाचन 30 एवं 31 मार्च को शा. कन्या हा.से. स्कूल में संपन्न होगे। निर्वाचन अधिकारी ब्रजेश ठाकुर जिला सह संयोजक ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च को ब्लाक शाखा बाड़ी एवं तहसील शाखा बरेली की निर्वाचन प्रक्रिया होगी। 31 मार्च को बाड़ी तहसील शाखा का निर्वाचन होगा। श्री ठाकुर ने शाखा एवं ब्लाक प्रभारियों से अपने अपने क्षेत्र की सदस्यता सूची एवं अंशदान की राशि निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन से पूर्व सौंपने का आग्रह किया है। बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान संभाग जिला प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला संयोजक मान सिंह बेगमगंज के उपस्थित रहने की संभावना है।

# त्यौहारों की व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, श्रीरामनवमी, भगवान महावीर जयंती पर पुलिस प्रशासन, नगर पालिका तथा विद्युत वितरण विभाग से व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सभी श्रीनवदुर्गा मंदिरों पर विशेष साफ सफाई के साथ जल सप्लाई व्यवस्था सुचारू रखी जाएगी।

प्रातः काल 5 से श्रद्धालुओं द्वारा माता मंदिरों पर जल अभिषेक किया जाता है, खिरिया नारायण दास टेकरी माता मंदिर पर अत्यधिक भीड़ होने से विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने के अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रत्येक मंदिर पर पुलिस तैनात की गई। इसके अतिरिक्त प्रशासन को अवगत कराया चांद दिखने पर ईद उल फितर का त्यौहार होने की दशा में ईदगाह में 7:30 बजे बलाई टेकरी ऊपर मस्जिद में 7:45 बजे एवं जमा मस्जिद में 8 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।



इस अवसर पर एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, तहसीलदार एसआर देशमुख, थाना प्रभारी राजीव उइके, एसआई वीरेंद्र विश्वकर्मा, बीएमओ, जेई, डिप्टी रेंजर एसआर डाबर, नपा अध्यक्ष संदीप लोधी, उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, हिंउस अध्यक्ष संतोष राय सहित समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## मनपसंद चीजों की हो रही खरीदारी

# ईद-उल-फितर को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रमजान का पाक महिना समाप्त होने वाला है। सोमवार को चांद दिखने के अनुसार ईद की नमाज मस्जिदो एवं ईदगाह में अदा की जाएगी। नगर में सेकडो मुस्लिम परिवार निवास करते है। जिनके द्वारा सिद्दत के साथ रोजा रखे जा रहे है।

रमजान का पाक महिना समाप्त होने के साथ नगर में मिलजुल कर ईद मनाये जाने की दशको पुरानी परंपरा है। ईद पर नदी रोड स्थित ईदगाह, जामा मस्जिद, मंडी मस्जिद के साथ अन्य मस्जिदो में ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इसी के साथ मुस्लिम परिवारों में ईद मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। प्रतिदिन रात के समय टाकीज रोड, छोटा बाजार रोड पर कपडो, जूतो के साथ अन्य प्रकार की सामग्री बैंचने दुकाने लग रही है। जहॉ महिलाए, पुरूष, बच्चे अपनी मन पसंद और जरूरी सामान खरीदने पहुंच रहे है। बाजारो में मुस्लिम परिवारो की खरीददारी से रात में भीड़ का नजारा बन रहा है।



ईद और नवरात्रि पर्व निकट आते ही नपं. का सफाई अमला भी सक्रिय हो उठा है। मस्जिदो, दुर्गा मंदिरो के आसपास और रास्तो पर साफ सफाई की जा रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर के जनपद कार्यालय के सभा कक्ष में चल रहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। बच्चों के विकास के लिए पोषण और शिक्षा के महत्व को समझते हुए एनआरएलएम हाल एवं जनपद पंचायत सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।



यह प्रशिक्षण 27 मार्च से 29 मार्च तक दिया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण और उनकी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जिनमें 80-80 कार्यकर्ता उपस्थित रही। प्रशिक्षण देने वाली मास्टर ट्रेनर अंजू कौरपे, सुनीता रजक, साधना राय, कांता केसवानी द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के प्रभारी आशा सिंह की निगरानी में रहा, बच्चों में पोषण के महत्व उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक आहार और शिक्षा के पहलुओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। यह प्रशिक्षण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के बेहतर विकास के लिए आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करेगा, जिसमें वह कार्य क्षेत्र में और अधिक प्रभावी रूप से काम कर सकें। शिविर के समापन पर कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

## 500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया

# डंडे से मारपीट करने वाले आरोपी को एक साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तहसील सिलवानी द्वारा आरोपी राजकुमार पिता मंगलसिंह आदिवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम पटना थाना बम्होरी जिला रायसेन को धारा 325 में एक वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

घटना के अनुसार फरियादी सुरेन्द्र ने देहाती नालसी लेख करायी कि उसके पास डीजे साउंड सिस्टम है जिसे वह किराये से चलाता है। घटना 24 जुलाई 2019 को साढ़े 9 बजे वह अभियुक्त राजकुमार को डीजे साउंड किराए पर दिया था, जिसके पैसे लेना था। फरियादी किराये के पैसे मांगने गया तो राजकुमार ने पैसे देने से मना किया और गालिया देने लगा। गाली देने से मना किया तो राजकुमार डंडे से फरियादी को मारने लगा जिससे उसे दाहिने पैर व हाथों में कलाई के ऊपर चोटे आई। उक्त घटना भगवत और गजराज दोनो ने देखी है तथा ये दोनो फरियादी को उठा कर लेकर आए।

उक्त रिपोर्ट के आधार पर आरक्षी केन्द्र बम्होरी द्वारा अभियुक्त पर धारा 294, 323 का अपराध पंजीबद्ध किया तथा फरियादी का मेडिकल करवाया, जिसमें डॉक्टर द्वारा उसे फ्रेक्चर होने से धारा 325 का इजाफा कर जांच प्रारंभ की तथा संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। विचारण उपरांत न्यायालय द्वारा अभियोजन की सभी दलीलों एवं साक्ष्यों को सुनते हुए आरोपी राजकुमार को धारा 325 में दोषी पाते हुए 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## तीन शुभ योग का संयोग, हाथी पर सवार मातारानी का आगमन

# नव संवत्सर के साथ शुरू की मां की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आज नव संवतसर से मां की आराधना का पर्व प्रारंभ हो रहा है, जो कि 9 दिन तक भक्ति भाव के साथ चलेगा। इस बार मातारानी हाथी पर सवार होकर आ रहीं हैं। वहीं इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में 3 शुभ संयोग होना एक शुभ संकेत है। जिले के सभी देवी मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। खंडेरा में स्थित देवी धाम, बाड़ी की मां हिंगलाज, गुदावल की मां कंकाली धाम और परवरिया की मां हरसिद्धि माता मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। नौ दिनों तक श्रद्धालु दूर-दूर से मां के दर्शन और चुनरी चढ़ाने आएंगे।

हिंदू संगठनों ने नव वर्ष तथा चैत्र नवराद्धि को लेकर विशेष कार्यक्रम तैयार किए हैं। सनातन धर्म के अनुयायियों से अपने अपने घरों में धर्म ध्वज फहराने, बंधनवार लगाने और शाम को पांच दीप जलाने का आग्रह किया गया है। साथ ही सभी मंदिरों में महा आरती का आयोजन होगा।



### भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

सिंधी समाज 30 मार्च को भगवान झूलेलाल जयंती मनाएगा। मुखर्जी नगर स्थित सिंधी धर्मशाला गुरुद्वारे में सुबह 8 बजे महा आरती होगी। इसके बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### इंद्र योग-रेवती नक्षत्र का संयोग

पंडित राजेंद्र शास्त्री के अनुसार इस बार नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग शाम 4:35 से अगले दिन सुबह 6:12 तक रहेगा। साथ ही इंद्र योग और रेवती नक्षत्र का संयोग भी है। नवरात्रि के दौरान चार दिन रवियोग और तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा। इन योगों में किए गए कार्य सफल होंगे।

### शिवोम शक्ति पीठ में 108 अखंड ज्योति होगीं प्रज्वलित

नगर के मुखर्जी नगर स्थित शिवोम शक्ति पीठ श्री दुर्गा मंदिर में इस बार 108 अखंड ज्योति जलाई जाएगी, जो कि भक्तों के द्वारा प्रतिवर्ष स्थापित कराई जाती है। शिवोम शक्ति पीठ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। यहां प्रातः 5 बजे से महिलाओं द्वारा जल अर्पित किया जाएगा एवं 9 दिन विशेष आयोजन किए जाएंगे। वहीं शहर के विभिन्न मंदिर जैसे कालीटोल माता मंदिर, अस्पताल परिसर माता मंदिर, मिश्र तालाब माता मंदिर, गोपालपुर माता मंदिर, पाटनदेव माता मंदिर, अर्जुन नगर दुर्गा मंदिर, बावड़ीपुरा माता मंदिर, कफ्यू वाली माता मंदिर आदि में विशेष पूजन अर्चना एवं अनुष्ठान देवी के भक्तों द्वारा किए जाएंगे। वहीं देवी के रतजगा जागरण और भजन संध्याओं का भी शहर में आयोजित किए जाएगें।


# चैत्र नवरात्रि में मातारानी की साधना सेवा कर रखे जाएंगे कठिन उपवास

## आज से शक्ति की भक्ति का पर्व प्रारंभ, जलेगी अखंड ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आज 30 मार्च से चैत्र का नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रहा है। चैत्र नवरात्रि पर्व मनाने देवी भक्तों में उत्साह के साथ तैयारियां प्रारंभ हो गई है। माँ दुर्गा की कृपा प्राप्त करने और प्रसन्न करने देवी भक्तों द्वारा कठिन उपवास रखे जाते है। घरो घर मातारानी की विशेष पूजन के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ अनुष्ठान भी देवी भक्तों द्वारा किया जाता है। मातारानी की सेवा में देवी भक्तो द्वारा ज्वारे बोकर, अखण्ड ज्योति जलाकर देवी माँ की भक्ति और साधना की सदियो पुरानी परंपरा है।

नगर में थाने के पास माँ काली का मंदिर है। इसी के साथ संकट मोचन हनुमान मंदिर में माँ दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित है। खेरापति माता मंदिर के साथ बडा बाजार स्थित शक्तिधाम मंदिर की विशेष साज सज्जा की जा रही है।



इसी के साथ कभी घोघरा नदी किनारे प्राचीन बाराही माता मंदिर भले ही नदी की धार बदल गई परंतु देवी भक्तों द्वारा मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। चौधरी चौक स्थित दुर्गा मंदिर, मंडी गेट के सामने स्थित देवी मंदिर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरो में चैत्र की नवरात्रि प्रारंभ होने से पूर्व सजाने सवारने का कार्य देवी भक्तो द्वारा किया जा रहा है।

### फल तथा फलाहारी सामग्री की बढ़ी मांग

नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो रहा है। मातारानी हाथी पर सवार होकर आ रही है। इसी के साथ नवरात्रि में विशेष योग संयोग भी बन रहे है। नवरात्रि इस बार 8 दिनों की रहेगी। देवी भक्तों द्वारा नवरात्रि में मातारानी की प्रसन्नता और साधना में कठिन वृत उपवास भी रखे जाते है। घरो-घर फलाहारी सामग्री और फलो का उपयोग होने से सामग्री की मांग बढने के साथ दाम भी बढने लगे है।